बिहार विधान सभा सचिवालय

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या–01/2018, मुख्य (लिखित) परीक्षा

1. बिहार विधान सभा सचिवालय में (*i*) सहायक (*ii*) शोध/संदर्भ सहायक (*iii*) पुस्तकालय सहायक (*iv*) उर्दू सहायक (*v*) उर्दू अनुवादक (*vi*) अनुवादक (अंग्रेजी/हिन्दी) (*vii*) सहायक अवधायक के पदों पर सीधी भर्त्ती के लिए मुख्य (लिखित) परीक्षा निम्न प्रकार आयोजित की जायेगी:–

क्रम सं०	पद	परीक्षा की तिथि	प्रथम पत्र	द्वितीय पत्र
1.	सहायक	07.04.2019	10.00 AM to 12.00 NOON	02.00 PM to 04.00 PM
2.	शोध/संदर्भ सहायक	08.04.2019	10.00 AM to 12.00 NOON	02.00 PM to 05.00 PM
3.	अनुवादक (अंग्रेजी/हिन्दी)	08.04.2019	10.00 AM to 12.00 NOON	02.00 PM to 04.00 PM
4.	उर्दू सहायक	08.04.2019	10.00 AM to 12.00 NOON	02.00 PM to 04.00 PM
5.	पुस्तकालय सहायक	09.04.2019	10.00 AM to 12.00 NOON	02.00 PM to 04.00 PM
6.	उर्दू अनुवादक	09.04.2019	10.00 AM to 12.00 NOON	02.00 PM to 04.00 PM
7.	सहायक अवधायक	10.04.2019	10.00 AM to 12.00 NOON	02.00 PM to 04.00 PM

2. सभी पदों के लिए दिनांक–01.04.2019 से अभ्यर्थियों का प्रवेश–पत्र बिहार विधान सभा की वेबसाईट **www.vidhansabha.bih.nic.in** पर उपलब्ध रहेगा। अभ्यर्थी अपना **Application No.** एवं **Date of Birth** के द्वारा प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं।

अभ्यर्थियों को डाक से (By Post) प्रवेश–पत्र निर्गत नहीं किया जायेगा ।

3. अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर मात्र प्रवेश–पत्र (Admit Card) एवं पहचान–पत्र के साथ उपस्थित होंगे तथा Admit Card पर अंकित अनुदेश का अध्ययन कर उसका अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।
4. परीक्षार्थी परीक्षा के निर्धारित समय से 60 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर पहुँचेंगे। परीक्षा प्रारम्भ होने के उपरांत परीक्षार्थी को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। परीक्षा अवधि की समाप्ति के उपरांत ही परीक्षार्थी परीक्षा कक्ष से बाहर जायेंगे।
5. **परीक्षा केन्द्र में घड़ियाँ, पुस्तकें, कागज के टुकड़े, पत्रिकाएँ, इलेक्ट्रोनिक्स गैजेट्स यथा मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस, हेडफोन, पेन–बटन होल कैमरा, स्कैनर, कैलकुलेटर, स्टोरेज डिवाइस आदि लाना सख्त वर्जित है। यदि ऐसी कोई सामग्री परीक्षा–कक्ष में अभ्यर्थी के पास पाई जाती है तो उसकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है और उसके विरूद्व कानूनी/आपराधिक कार्रवाई आरम्भ की जा सकती है।**
6. अभ्यर्थियों को परीक्षा केन्द्र पर तलाशी (Frisking) की प्रक्रिया से गुजरना होगा ।
7. अभ्यर्थी अपनी उपस्थिति बायोमैट्रिक मशीन में दर्ज करेंगे अन्यथा उन्हें अनुपस्थित माना जायेगा।
8. परीक्षार्थियों को किसी भी परिस्थिति में वीक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई परीक्षार्थी वीक्षक/पर्यवेक्षक की अनुमति प्राप्त किए बिना परीक्षा–कक्ष से बाहर जाता है तो उन्हें पुनः प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा उन्हें परीक्षा से वंचित कर दिया जाएगा।
9. यदि किसी अभ्यर्थी का प्रवेश–पत्र डाउनलोड नहीं हो पा रहा हो तो वे अपना ऑनलाईन आवेदन की प्रति संलग्न कर Email Id-blas.recruitment@gmail.com अथवा मोबाईल संख्या–9606094761 पर संपर्क कर सकते हैं।
10. प्रवेश–पत्र पूर्णतः औपबंधिक है। प्रवेश–पत्र निर्गत होने से अभ्यर्थी की अर्हता सम्पुष्ट नहीं होती है। आपके द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टि एवं दी गई सूचना तथा उससे संबंधित कागजात में किसी प्रकार की भिन्नता रहने पर आपकी अभ्यर्थिता रद्द की जा सकती है।

कोई भी व्यक्ति चाहे वह सरकारी अथवा गैर सरकारी वाह्य व्यक्ति हों बिहार विधान सभा सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर आपसे सम्पर्क स्थापित कर ठगी करने का प्रयास करते हैं तो ऐसे तत्वों के संबंध में अविलंब दूरभाष संख्या–0612–2215709 तथा ई–मेलः secretarybvs@gmail.com पर सूचित करें। ऐसे किसी तत्वों से संलिप्तता पाये जाने पर संबंधित अभ्यर्थी की उम्मीदवारी रद्द कर दी जायेगी।

सचिव
बिहार विधान सभा, पटना।